# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## मंगलवार, तिथि 25 जुलाई, 1989 ई०

### भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान-सभा का कार्य-विवरण ।

सभा का अधिवेशन पटना के सभा सदन में मंगलवार, तिथि 25 जुलाई, 1989 ई० को पूर्वाह्न 11.00 बजे अध्यक्ष मो॰ हिदायतुल्ला खां के सभापतित्व में प्रारम्भ हुआ।

---

पटना
तिथि 25 जुलाई, 1989 ई०

विश्वनाथ त्रिवेदी,
सचिव
बिहार विधान-सभा

---

तिथि : 25-7-1989 परिशिष्ट

## वित्तीय पोषण कराना

**2791. श्री हरिहर नारायण प्रभाकर :** क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

**श्री सत्येन्द्र नारायण सिंह :**

(1) क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के अन्तर्गत से धनवार प्रखंड में लाटोनायक उच्च नवागढ़ की पूर्ण स्वीकृति वर्ष 1989 के फरवरी माह में सरकार द्वारा दे दी गई है,

1. उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के वे तमात प्रावधान के अनुसार प्रति प्रखंड में लड़कों के लिए चार तथा लड़कियों के लिए एक विद्यालय का सरकारी खर्च पर चलाने की व्यवथा है,

(2) उत्तर नकारात्मक है। राज्य के प्रत्येक प्रखंड में एक कन्या उच्च विद्यालय सहित कम से कम चार उच्च विद्यालय खोलने का प्रावधान है।

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कब से उक्त विद्यालय का वित्तीय पोषण करने का विचार रखती है?

(3) इस प्रखंड में कन्या उच्च विद्यालय सहित विद्यालयों की संख्या चार है इसलिए उक्त विद्यालय की प्रोजेक्ट के अन्तर्गत लेकर वित्तीय पोषण कराने का प्रश्न नहीं उठाता है और चूंकि यह 11-8-60 के बाद का विद्यालय है इसलिए अधिग्रहित करके भी

वित्तीय पोषण इसका नहीं कराया जा सकता है। बिहार राज्य माध्यमिक विद्यालय (प्रबंध एवं नियंत्रण ग्रहण) अधिनियम, 1981 की धारा-19 के तहत ज्ञापांक 850 दिनांक 22-5-89 के द्वारा इसे स्वात्वाधारक विद्यालय के रूप में स्थाई मान्यता दी जा चुकी है।

---

## वेतन का भुगतान

**2792. श्री हरिशंकर प्रसाद यादव :** क्या मंत्री, मानव संसाधन विकास विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भारती मंडन महाविद्यालय रहिका मधुवनी जो ललीत नारायण मिथिला विश्वविद्यालय का पुराना अंगीभूत महाविद्यालय है, को सरकार से वर्ष 1982 में वाणिज्य संकाय में संबधता दिया गया,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में 09.07.1979 से ही शासी निकाय द्वारा सृजित प्रथम पद पर श्री ललीत कुमार

**श्री कृष्णानन्द झा :**

(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।